प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

07.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केन्द्र से राजस्व घाटा अनुदान बहाल करने और प्रदेश को विशेष आर्थिक सहायता प्रदान करने का किया आग्रह।
- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से होगा शुरू– अधिसूचना जारी।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–सरकार सशक्त डिजिटल इको सिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप–कांग्रेस सरकार ने अपने वित्तीय कुप्रबंधन से प्रदेश को कर्ज में डुबोया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से हिमाचल की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए राजस्व घाटा अनुदान बहाल करने और विशेष आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया है। शिमला में आज कुल्लू, मंडी, कांगड़ा और शिमला ज़िला के विधायकों के साथ हुई बैठक में उन्होंने कहा कि 16वें वित्त आयोग द्वारा राजस्व घाटा अनुदान बंद करने से प्रदेश को करीब 50 हजार करोड़ रूपए का नुकसान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निर्णय से राज्य की विकास योजनाएं प्रभावित होंगी और कल्याणकारी योजनाओं सहित वेतन और पैंशन पर भी विपरीत असर पड़ने की संभावना है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने तीन वर्षों में अपने संसाधनों से 26 हजार 6 सौ 83 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को वाईल्ड फ्लावर हॉल होटल के स्वामित्व से करीब चार सौ एक करोड़ रूपए का वित्तीय लाभ हुआ है और हर वर्ष 20 करोड़ रूपए की आय होने का अनुमान है।

भाजपा

इस बीच, भाजपा नेता व विधायक विपिन परमार ने कहा है कि विधायक प्राथमिकता बैठक केवल औपचारिकता है और ज़मीनी स्तर पर विकास कार्यों के लिए राज्य सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने शिमला में कहा कि कई वर्षों से सड़कों सहित विभिन्न सिंचाई व पेयजल योजनाओं के लिए धन स्वीकृति का इंतजार है लेकिन इस दिशा में डीपीआर भी तैयार नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक क्षेत्र विकास निधि जो चार किस्तों में जारी होती है और आपदा या आकस्मिक कार्यों के लिए उपयोगी है उसकी दो किस्तें वर्तमान सरकार ने समाप्त कर दी है।

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शुरू होगा। ये सत्र राज्यपाल के अभिभाषण के साथ दोपहर दो बजे से आरंभ होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में बताया कि सत्र के आयोजन को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद शोकोदगार और विधायी कार्य शुरू होंगे। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने केन्द्रीय बजट में राजस्व

घाटा अनुदान को समाप्त किए जाने को लेकर राज्यपाल से विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी, जिसे नामंजूर करते हुए राज्यपाल ने बजट सत्र बुलाने की सलाह दी।

विक्रमादित्य सिंह

केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश की रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट बंद किए जाने के फैसले का राज्य में विरोध जारी है। इस मुददे पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पहाड़ी राज्य होने के नाते हिमाचल को इस तरह की मदद पहले भी मिलती रही है और आगे भी मिलना जरूरी है।

उन्होंने आज शिमला में कहा कि ये मुददा केवल भाजपा या कांग्रेस की राजनीति का नहीं बल्कि प्रदेश के 75 लाख लोगों के हित का है।

आग्रह

चम्बा ज़िले में पांगी घाटी की शौर पंचायत के उप–प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने राज्य सरकार से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुर्थी में जल्द चिकित्सक की तैनाती करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुर्थी स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक का पद काफी समय से खाली चल रहा है, जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निहाल सिंह भारद्वाज ने कहा कि चिकित्सक न होने के कारण शौर, पुर्थी और रेई पंचातयों के लोग पांगी घाटी से बाहर अपना इलाज करवाने को मजबूर हैं।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि सरकार एक सशक्त डिजिटल इको सिस्टम के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ऊना के भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान में आज एक समारोह में उन्होंने ड्रोन तकनीक ओर रोबोटिक्स के क्षेत्र में कार्य करने पर विशेष रूप से बल दिया। अग्निहोत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ड्रोन तकनीक की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे अनुभव दर्शाते हैं कि भविष्य में सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक की भूमिका अत्यंत निर्णायक होगी। अग्निहोत्री ने युवाओं और तकनीकी संस्थानों से इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने का आहवान किया ताकि भारत ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र बन सके।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस झूठ बोलकर सत्ता में आई है और अपने वित्तीय कुप्रबंधन से सरकार ने प्रदेश को कर्ज के दलदल में धकेल दिया है। पालमपुर में आज भाजपा मंडलों की बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक स्थिति चिंताजनक है। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य में जिस तरह के मौजूदा हालात बन चुके हैं उसे देखते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री खजाना खाली होने की बात कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर अपने मित्रों को कैबिनेट रैंक बांटकर सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ डाल रहे हैं। स्मार्ट मीटर टैंडर प्रक्रिया में बड़े घोटाले का आरोप लगाते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि ये पूरी प्रक्रिया संदिग्ध है और केवल चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए नियम ताक पर रखे गए हैं।

केन्द्रीय मंत्री

केन्द्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत कल 8 फरवरी को शिमला दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे शिमला में केन्द्रीय बजट पर पत्रकार सम्मेलन ओर संवाद कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

इस संवाद में बजट के प्रमुख प्रावधानों, पर्यटन, संस्कृति, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोज़गार सृजन से जुड़े विषय रखे जाएंगे। प्रदेश भाजपा महासचिव संजीव कटवाल ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री का ये दौरा सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन विकास और विकसित भारत के विजन को लेकर महत्वपूर्ण रहेगा।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। हमीरपुर जिले के चंगर क्षेत्र में आज विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न पहलों ने आम लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है। राजस्व घाटा अनुदान को लेकर अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस मुददे पर कांग्रेस सरकार जनता को भ्रमित कर रही है जबकि केंद्र ने प्रदेश को संवैधानिक दायित्वों के अनुरूप हर तरह की मदद दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी विफलताएं छिपाने के लिए केंद्र पर निराधार आरोप लगा रही है।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को विकसित व आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक करार दिया है। नाहन में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार के फैसलों का लोगों को सीधा लाभ मिल सके। इस बात का बजट में विशेष ध्यान रखा गया है। सुरेश कश्यप ने कहा कि बजट में मुख्य रूप से आर्थिक विकास, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन सहित आम लोगों की उम्मीदों का भी विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। –बाईट–सुरेश कश्यप–29''

विनय कुमार

सिरमौर जिले में रेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र में बनने वाली रेणुका बांध परियोजना की टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने इस प्रक्रिया को क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि बांध से प्रभावित परिवारों की सूची में अब एक सौ 50 भूमिहीन और आवासहीन लोगों को भी शामिल किया गया है, जिससे इन परिवारों को भी राहत और न्याय मिल सकेगा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केन्द्र से राजस्व घाटा अनुदान बहाल करने और प्रदेश को विशेष आर्थिक सहायता प्रदान करने का किया आग्रह।
- प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से होगा शुरू– अधिसूचना जारी।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–सरकार सशक्त डिजिटल इको सिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर का आरोप–कांग्रेस सरकार ने अपने वित्तीय कुप्रबंधन से प्रदेश को कर्ज में डुबोया।